## जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से आच्छादन हेतु दिनांक 08.09.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे आयोजित बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.09.2025 को आयोजित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज–5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्त–

### 1. जल जीवन मिशन फेज–2 (L&T)

1. **सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता:–** सम्बन्धित फर्म अवगत कराया गया कि उनके पास वर्तमान में निर्माणाधीन 123 नग परियोजनाओं के सापेक्ष 230 नग श्रमिको उपलब्धता है। फर्म को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं में कम्पोनेन्टवार श्रमिको को लगाकर कार्यों की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करे।

1. **कार्य प्रारम्भ की स्थिति:–** सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं के सापेक्ष में 123 नग परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, सम्बन्धित फर्म व अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर शेष बची 01 नग परियोजना पर भूमि उपलब्ध कराते हुए कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

2. **नलकूप छिद्रण कार्य :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 120 नलकूप छिद्रण के सापेक्ष वर्तमान तक 118 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं 118 नग नलकूप डेवलप किया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि समस्त नलकूपों के छिद्रण विकास कार्य पूर्णकर है उन सभी को संचालित किया जाए।

3. **वितरण प्रणाली :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 1919.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1895.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा ज्वाइन्टिंग का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

4. **एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 124 परियोजाओं में लक्षित 79878 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 77452 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

5. **उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं में लक्षित 120 उच्च जलाशय के सापेक्ष 103 परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण है शेष कार्य प्रगति पर है। निर्देश दिये जाते है कि टैंक Erection की टीम बढ़ाते हुए समस्त परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

6. **पम्प हाउस–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 123 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस के सापेक्ष 117 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देश दिये जाते है कि शेष पम्प हाउस का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

7. **सोलर–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 109 नग सोलर के सापेक्ष 102 नग सोलर प्लान्ट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण है वहाँ प्रतिदिन सोलर के माध्यम से जलापूर्ति की जाए।

8. **योजनाओं का संचालन–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 परियोजनाओं के सापेक्ष 88 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 17 नग परियोजायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। निर्देशित किया गया कि 17 नग परियोजनायें जिनपर उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति नही की जा रही है उन्हें माह सितम्बर 2025 तक उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति करते हुए पूर्ण क्षमता पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

### 2. जल जीवन मिशन फेज–5 (GA INFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED)

1. **सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता:–** सम्बन्धित फर्म अवगत कराया गया कि उनके पास वर्तमान में 02 नग रिग मशीन, 03 नग कम्प्रेशर, 206 श्रमिक एवं 03 नग ओ.पी.यूनिट उपलब्ध है, फर्म को निर्देशित किया गया कि परियोजना के कम्पोनेन्टवार श्रमिको को लगाकर कार्यो की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

2. **कार्य प्रारम्भ की स्थिति :–** सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 नग परियोजनाओं के सापेक्ष में 164 नग परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, सम्बन्धित फर्म व डी.पी.एम.यू. टीम को निर्देशित किया गया है कि उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर शेष बची 01 नग परियोजना (खाका पोखर) हेतु पहुँच मार्ग का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

3. **नलकूप छिद्रण कार्य :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 181 नलकूप छिद्रण के सापेक्ष वर्तमान तक 176 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं वर्तमान तक 170 नग नलकूप डेवलप का कार्य किया गया है। निर्देशित किया गया कि नलकूप के विकास कार्यो में तेजी लाई जाए तथा अवशेष बचे नलकूपों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

4. **वितरण प्रणाली :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 2587.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 2012.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

5. **एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 165 परियोजाओं में लक्षित 80224 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 78411 नग गृह संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया अवशेष बचे सभी गृह संयोजनो को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

6. **उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं में 170 उच्च जलाशय लक्षित है परन्तु वर्तमान तक 155 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसमें से 44 नग उच्च जलाशय के इरेक्शन कार्य पूर्ण किया गया है। निर्देशित किया गया कि उच्च जलाशय की टीम बढ़ाते हुए समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

7. **पम्प हाउस–** 165 परियोजनाओं पर 181 नग पम्प हाउस के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान में 159 नग पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 119 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है जोकि माह अगस्त या गत बैठक से मात्र 01 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हुआ है अतएव सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि शेष पम्प हाउस के कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

8. सोलर– फर्म द्वारा 157 नग सोलर पैनल के सापेक्ष वर्तमान तक 64 परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण किया गया है शेष कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया है कि अवशेष सोलर स्थापित करते हुए योजना सोलर के माध्यम से संचालित की जाए।

9. योजनाओं का संचालन– फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं के सापेक्ष 14 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 68 नग परियोजनायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। निर्देशित किया गया कि 44 नग परियोजनायें जिनमें टैंक डोम का कार्य पूर्ण दर्शाया गया है उन्हें माह सितम्बर 2025 तक उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति करते हुए पूर्ण क्षमता पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वाटर वर्क्स कैम्पस हेतु आवंटित भूमि पर विवाद एवं अनुपलब्धता:–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED) की 15 परियोजनाओं तथा मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 02 परियोजना पर (भूमि अनुपलब्धता–6/पहुंच मार्ग–4/वृक्ष कटिंग–6/न्यायालय विवाद–2) निर्माण कार्य कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस हेतु सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक को निम्न निर्देश दिये गये है:–

i– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि 05 नग भूमि पर पेड़ों की कटिंग व नीलामी की कार्यवाही तहसील स्तर पर लंबित है जिसे उपजिलाधिकारी द्वारा निस्तारण किया जाना है। समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 29.09.2025 तक नीलामी की कार्यवाही पूर्ण कर समस्त प्रकरण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

ii– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि 04 नग परियोजनाओं में जिनमें 02–02 नग नलकूप प्रस्तावित है जिनके निर्माण हेतु भूमि की प्रथम नलकूप से अधिकतम 800 मीटर की परिधि में आवश्यकता है, की भूमि अप्राप्त है। उक्त के अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है प्रथम नलकूप के भूमि प्रस्ताव के समय उक्त शर्त पर भूमि क्यों नहीं प्राप्त की गयी थी का अपना अभिमत जाँच सहित 10 दिन में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उक्त के निराकरण हेतु उपजिलाधिकारी से स्वयं समन्वय स्थापित करते हुए निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

iii– अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया है ग्राम पंचायत राजापुर रानी जिसकी भूमि नगर पालिका क्षेत्र में आवंटित है एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र के कारण कार्य बाधित है, में उपजिलाधिकारी, भिनगा एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद भिनगा से समन्वय स्थापित करते हुए 10 दिन में निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

iv– अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत महादेवा नतारापुर पाइप पेयजल योजना हेतु जो भूमि आवंटित है वर्तमान में स्थानीय लोगो द्वारा उसके पहुँच मार्ग पर दीवार बना कर कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। जिस हेतु उपजिलाधिकारी जमुनहा द्वारा अवगत कराया गया है कि स्थलीय निरीक्षण करने पर बगल वालो से पूछताछ करने पर पता चला कि विवादित व्यक्ति वर्तमान समय में सपरिवार मुम्बई चला गया है। उत्क्रम में निर्देशित किया गया कि विवादित व्यक्ति के मुम्बई से लौटने के उपरान्त सम्बन्धित भूमि के सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही की जाए, अधिशासी अभियन्ता अनुश्रवण करें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को निर्देशित किया गया है कि टी.पी.आई. द्वारा लगाई एन.सी. का खण्ड कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराकर ससमय क्लोज करना सुनिश्चित करें, तथा लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों को मिशन मोड में करना तथा योजनाओं में रोड पुनर्स्थापन का कार्य भी ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन मानस को आवागमन में कोई असुविधा न रहे।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।

पत्रांक 2191 /जल निगम/जल जीवन मिशन/2025–26/683 दिनांक :– 8-10-25

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
3. जिलाधिकारी महोदय, श्रावस्ती।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।
5. मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई/ फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) - VISHWANATH PROJECT LIMITED.)
6. मेसर्स सेम्सियस प्रा.लि. (थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।